Title: Need to restart air service from Bilaspur, Madhya Pradesh.

श्री पुन्नू लाल मोहले (बिलासपुर): महोदय, निवेदन है कि मध्य प्रदेश के नये छत्तीसगढ़ राज्य के जिला बिलासपुर चकरभाट्ठा हवाई अड्डा की वायुदूत सेवा को बिना कारण बंद कर दिया गया है। इससे आम लोगों को परेशानी हो रही है। उक्त क्षेत्र में कोरबा ताप विद्युत परियोजना है तथा बिलासपुर में एचसीसीएल मुख्यालय (कोल माइन्स) बिलासपुर रेलवे जोन मुख्यालय, रेल महाप्रबंधक ऑफिस, बिलासपुर सम्भाग, रायगढ़, सरगुजा एवं बिलासपुर के कमिश्नर ऑफिस मुख्यालय, दगोरी में स्पंज (आयरन) कारखाना, अकलतरा में सीमेंट के कारखाने व बिलासपुर में कागज बनाने के कारखाने हैं तथा औद्योगिक व व्यापारिक केन्द्र हैं। उक्त में हवाई सेवा न होने से तथा ट्रेन में अधिक समय लगने से आने जाने में कठिनाई हो रही है।

अतः केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि एयर लाइन्स के विमान चलाने हेतु एवं वायुदूत सेवा के लिए जांच कर पुनः वायुदूत प्रारम्भ किया जाये, जिससे आम लोगों को आवागमन में सुविधा हो सके तथा बिलासपुर जिले के चकरभाट्ठा हवाई पट्टी को चौड़ीकरण करने हेतु सर्वे कराकर राशि स्वीकृत की जाये, जिससे छत्तीसगढ़ के नये राज्य निर्माण में हवाई सेवा की प्रगति हो।